Regarding establishment of Kendriya Vidyalaya, Inter College and Degree College in Banda-Chitrakoot constituency

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल **(बांदा) :** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे पहली बार इस सदन में जीरो ऑवर में बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूं । मैं अपने क्षेत्र बांदा-चित्रकूट, जो कि भगवान राम की कर्म भूमि मानी जाती है, उस क्षेत्र की उन समस्याओं को बताना चाहती हूं, जो वहां के बच्चों के लिए अति आवश्यक है । महोदय, मैं बताना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा जिले में कोई भी केंद्रीय विद्यालय नही है । जो प्राइवेट स्कूल्स हैं, उनकी फीस भी बहुत है और शिक्षा की गुणवत्ता भी बहुत बेहतर नहीं है । अतः एक केन्द्रीय विद्यालय खोलना अति आवश्यक है, जिससे यहां बालक और बालिकाओं को उच्च एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके । दूसरा, मेरा संसदीय क्षेत्र मानिकपुर, जो कि अति पिछडा क्षेत्र है, यहां आज भी शिक्षा का स्तर बहुत ही निम्न है, क्योंकि यहां काफी क्षेत्र में कोल हैं, जो कि आदिवासी समुदाय से आते हैं । अत: कुछ क्षेत्र जैसे माणिकपुर से मारकुंडी के बीच में तथा बारहमासी पाठा क्षेत्र में भी कोई डिग्री कॉलेज व इंटर कॉलेज नहीं है । अत: यहां एक शिक्षा संस्थान का निर्माण कराया जाए ताकि यहां के गरीब बच्चों को शिक्षा प्राप्त हो सके और उन्हें कहीं बाहर जाने की जरूरत न हो । इसलिए, अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र की समस्याओं को संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द निस्तारण कराने की कृपा करें । धन्यवाद ।